<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

# इरेडा और भेल ने भारत के अक्षय ऊर्जा विकास में तेजी लाने के लिए संयुक्त प्रयासों के बारे में चर्चा की




नई दिल्ली, 28 अगस्त 2024

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) और भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) ने देश के अक्षय ऊर्जा विकास में तेजी लाने के लिए सहयोग के अवसरों की खोज की। आज आयोजित एक बैठक में, इरेडा के सीएमडी, श्री प्रदीप कुमार दास, और भेल के सीएमडी, श्री कोप्पू सदाशिव मूर्ति ने वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित स्थापित क्षमता के भारत के महत्वाकांक्षी लक्ष्य की दिशा में प्रगति में तेजी लाने के लिए संयुक्त प्रयासों के बारे में चर्चा की।

इन प्रमुख केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के प्रमुखों ने भारत सरकार के अक्षय ऊर्जा लक्ष्यों का समर्थन करने के लिए रणनीतियों पर ध्यान केंद्रित किया और अपने-अपने सहयोग के महत्व पर जोर दिया। भेल के निदेशक (वित्त), श्री राजेश कुमार द्विवेदी ने भी इस बैठक में शामिल हुए और इस चर्चा के दौरान अपने विचार साझा किए।



इस सहयोग के महत्व पर जोर देते हुए, इरेडा के सीएमडी ने कहा कि, "इरेडा और बीएचईएल के बीच तालमेल भारत की अक्षय ऊर्जा महत्वाकांक्षाओं में महत्वपूर्ण योगदान देगा। साथ मिलकर, हमारा लक्ष्य परियोजना निष्पादन की गति को बढ़ाना और वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए भारत सरकार का समर्थन करने के लिए मजबूत वित्तपोषण के बारे में समाधान प्रदान करना है। यह साझेदारी भारत के लिए एक स्थायी ऊर्जा भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में एक कदम है, जोकि वर्ष 2047 के लिए राष्ट्र के विकसित भारत के विजन के अनुरूप है।"

इन दोनों संगठनों ने अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में चुनौतियों का सामना करने और एक स्वच्छ और हरित भारत के लिए योगदान देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की।